# महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain
(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)


पत्र सं. 26-8/2024(शै.)/मसारावेविप्र/1782    दिनांक: 04-09-2025

## महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान से सम्बद्ध राष्ट्रीय आदर्श वेदविद्यालय के परिसरों में प्राचार्य, शैक्षणिक (वेद अध्यापक), सहयोगी शैक्षणिक (आधुनिक विषय) एवं गैर-शैक्षणिक सेवा हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रण - अधिसूचना

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान द्वारा संविदा के आधार पर संचालित (I) उज्जैन, मध्यप्रदेश (II) पुरी (ओडिशा) (III) द्वारका (गुजरात) (IV) गुवाहाटी(असम) (V) श्रृंगेरि अथवा समीप (कर्णाटक) तथा (VI) बद्रीनाथ अथवा समीप (उत्तराखण्ड) में स्थित "राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालयों" में **वर्ष 2025-26** हेतु **प्राचार्य, वेद अध्यापक, अन्य सहयोगी आधुनिक विषयों एवं गैर- शैक्षणिक व्यवस्था** के लिए संविदा / आउटसोर्स के आधार पर नियोजन के लिए अधिसूचित किया जा रहा है। ये सेवाएं संविदा/ आउटसोर्स के आधार पर ही होंगी। यह पद आधारित सेवा नहीं है। कभी भी पद सृजन एवं स्थायी नियुक्ति नहीं होगी।

वेद / सहयोगी आधुनिक विषयों एवं गैर- शैक्षणिक व्यवस्था हेतु पैनल तैयार कर विद्यालय व्यवस्था में संयोजित करने का अधिकार प्रतिष्ठान के पास सुरक्षित है । अतः सभी जगह एक रूप से नियोजन या चयनित सभी को एक बार नियोजन की बाध्यता नहीं कर सकेंगे। कोई भी पद सृजित नहीं हैं । आवश्यकता अनुसार संयोजित किया जाएगा ।

प्रत्येक विषय हेतु अलग-अलग **आवेदन** करना अनिवार्य है। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि **26/09/2025** रहेगी। आवेदन पत्र की स्वप्रमाणित प्रति स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रतिष्ठान कार्यालय में दिनांक 26/09/2025 तक प्राप्त होना अनिवार्य है । निर्धारित दिनांक के पश्चात प्रतिष्ठान कार्यालय में प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा ।

### शैक्षणिक सेवा-(*आवश्यकता अनुसार)

| क्र. | विषय एवं संख्या प्रत्येक विद्यालय हेतु | कुल रिक्त स्थान | आयु सीमा | प्रतिमाह अधिकतम मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राचार्य | 6 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 1,35,000/-तक |
| 2 | ऋग्वेद शाकल शाखा | 12 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| 3 | शुक्ल-यजुर्वेद माध्यान्दिनी शाखा, | 12 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |



वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पो.ऑ. जवासिया, उज्जैन-456006 (म.प्र.)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN - 456006 (M.P.)
दूरभाष/Telephone : 0734 - 2502266, 2502254, ई-मेल/E-mail : msrvvpujn@gmail.com, वेब-साईट/Website : www.msrvvp.ac.in

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | शुक्ल-यजुर्वेद काण्व शाखा | 12 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| 5 | कृष्ण-यजुर्वेद-तैत्तिरीय शाखा | 12 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| 6 | सामवेद कौथुम शाखा | 12 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| 7 | सामवेद जैमिनीय शाखा | 12 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| 8 | सामवेद राणायनीय शाखा | 12 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| 9 | अथर्ववेद शौनक शाखा | 12 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| 10 | अथर्ववेद पैप्पलाद शाखा | 12 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| | **कुल** | **114** | | |

नोट :(1) उक्त मानदेय के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ता प्रदान नहीं किया जायेगा। शासन निर्दिष्ट टैक्स /टी.डी.एस. देय होगा। ***पद आधारित सेवा नहीं है। कभी भी पद सृजन एवं स्थायी नियुक्ति नहीं होगी।**

(2) **प्रत्येक शाखा में पांच या पांच से अधिक छात्र होने की स्थिति में अध्यापन की व्यवस्था की जाएगी ।**

(3) **वेद पढ़ाने में समर्थ होने की स्थिति में, किन्तु अनुभव तथा अन्य वेदाङ्ग अध्ययन आदि के विषय में प्रगत अध्ययन की आवश्यकता परिलक्षित होने पर चयन समिति अपने विवेकाधिकार से, राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय में इंटर्नशिप के रूप में पाठशाला योजनान्तर्गत निर्धारित अलग-अलग मानदेय दर में से किसी भी स्तर के मानदेय दर पर रा.आ.वे.वि. में अध्यापन हेतु संयोजित कर सकती है ।**

(4) **जिन्हें वेद शाखा संपूर्णत: कंठस्थ नहीं हैं, वेद विकृति पाठ में प्रावीण्य नहीं हैं, वे आवेदन न करें ।**

(5) **वेद मंत्रों का स्पष्ट सस्वर उच्चारण, भाष्य ज्ञान एवं मन्त्रों का अर्थ ज्ञान अपेक्षित है ।**

**(I) प्राचार्य व्यवस्था हेतु आवश्यक योग्यता–**

1. गुरुमुख से वेद अध्ययन किये हुए घनान्तपाठी वैदिक विद्वान।
2. 10 वर्ष का किसी वेद पाठशाला में वेद की कोई एक शाखा का उच्च कोटि का सस्वर अध्ययन कराने का अनुभव।
3. संस्कृत भाषा दक्षता और वेद भाष्य का अच्छा ज्ञान हो।

5/9/2025

**वांछनीय योग्यता**

1. किसी वेद विद्यालय अथवा संस्था में प्राचार्य या साथ में प्रशासनिक संबंधी कार्य किया हो ।
2. कम्प्यूटर पर कार्य करने की दक्षता तथा विद्यालय एवं छात्रावास के लेखा प्रपत्र एवं अन्य प्रशासनिक कार्य करने की दक्षता होनी चाहिए ।

**(II) वेद अध्यापक व्यवस्था के लिए आवश्यक योग्यता**

1. गुरुमुख से सस्वर वेद अध्ययन किये हुए घनान्तपाठी / वेद की सम्बन्धित शाखा का सस्वर पारम्परिक अध्ययन / वेद के सस्वर अध्ययन के साथ (विशेषज्ञों द्वारा अनुमोदित वैदिक परंपरा के अनुसार शाखाओं में से किसी एक में) विश्वविद्यालयों से प्राप्त स्नातकोत्तर उपाधि/ किसी एक वेद के सस्वर अध्ययन में अत्यन्त प्रतिष्ठित वैदिक संस्थानों द्वारा पारम्परिक प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित घनान्तपाठी /सामवेद में रहस्यान्त अध्ययन एवं सस्वर सामगान में समर्थ/अथर्ववेद में प्रतिष्ठित वैदिक विद्वान ।
2. 05 वर्ष का किसी वेद पाठशाला में वेद की सम्बन्धित शाखा का सस्वर अध्ययन कराने का अनुभव।
3. संबन्धित वेदशाखा संपूर्ण कण्ठस्थ होना आवश्यक है।
4. संस्कृत भाषा दक्षता और वेद भाष्य का अच्छा ज्ञान हो।

**शैक्षणिक सहयोगी विषय - (*आवश्यकता के अनुसार)**

| क्र. | विषय का नाम | कुल रिक्त स्थान | आयु सीमा | प्रतिमाह अधिकतम मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | संस्कृत | 12 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 45,000/- |
| 2 | गणित | 6 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 45,000/- |
| 3 | अंग्रेजी | 6 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 45,000/- |
| 4 | सामान्य विज्ञान | 6 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 45,000/- |
| 5 | सामाजिक विज्ञान | 6 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 45,000/- |
| 6 | योग | 6 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 45,000/- |
| | कुल | 42 | | |
| 1 | खेल अनुदेशक | 6 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 30,000/- |
| | कुल | 6 | | |

**नोट :- उक्त मानदेय के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ता प्रदान नहीं किया जायेगा। शासन निर्दिष्ट टैक्स /टी.डी.एस. देय होगा। *पद आधारित सेवा नहीं है। कभी भी पद सृजन एवं स्थायी नियुक्ति नहीं होगी।**

4/9/2025

(I) **संस्कृत अध्यापक के लिये आवश्यक योग्यता -**

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संस्कृत विषय स्नातक स्तर में 55 प्रतिशत तथा संस्कृत विषय स्नातकोत्तर उपाधि में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हो **अथवा** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संस्कृत /शास्त्र विषय शास्त्री में 55 प्रतिशत तथा संस्कृत /शास्त्र विषय आचार्य में 55 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हो ।
2. शिक्षा शास्त्री/ बी.एड

**वांछनीय योग्यता -**

1. संस्कृत भाषा एवं विषय के अतिरिक्त कम्प्यूटर/वेद गणित/ किसी अन्य विषय को पढ़ाने की योग्यता।
2. संस्कृत भाषा में टेट (TET) परीक्षा में उत्तीर्ण।
3. किसी विद्यालय में संस्कृत सम्भाषण/भगवद्-गीता/अमरकोश/शब्दरूप/धातुरूप आदि सिखाने का अच्छा अनुभव।
4. संस्कृत संभाषण एवं सरल मानक संस्कृत में दक्षता ।

(II) **आधुनिक विषय अध्यापक (गणित, अंग्रेजी, सामान्य विज्ञान, सामाजिक विज्ञान) के लिए आवश्यक योग्यता**

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सम्बन्धित विषय में नीचे दर्शाए गए उपाधि प्राप्त किये हो ।

   **गणित अध्यापक के लिए :**
   - बी.एससी (स्नातक) में गणित, रसायन शास्त्र, भौतिकी के साथ उत्तीर्ण हो ।
   - एम.एससी. (स्नातकोत्तर) गणित विषय में उत्तीर्ण हो ।

   **अंग्रेजी अध्यापक के लिए :**
   - स्नातक में अंग्रेजी भाषा का अध्ययन एक विषय के रूप में किया हो । ।
   - एम.ए. (स्नातकोत्तर) अंग्रेजी में उत्तीर्ण हो ।

   **सामान्य विज्ञान अध्यापक के लिए :**
   - बी.एससी (स्नातक) में भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान के साथ उत्तीर्ण हो ।
   - एम.एससी. (स्नातकोत्तर) भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान विज्ञान विषय में किसी विषय में उत्तीर्ण हो ।

   **सामाजिक अध्ययन अध्यापक के लिए :**
   - बी.ए. (स्नातक) में इतिहास, भूगोल, राजनीति, अर्थशास्त्र के साथ उत्तीर्ण हो ।
   - एमए. (स्नातकोत्तर) इतिहास, भूगोल, राजनीति, अर्थशास्त्र में से किसी विषय में उत्तीर्ण हो ।
2. बी.एड.
3. 10 **अथवा** 12 **अथवा** स्नातक स्तर पर संस्कृत भाषा का अध्ययन किया हो।
4. हिन्दी एवं अंग्रेजी में पढ़ाने का सामर्थ्य होना चाहिए ।

**वांछनीय योग्यता**

1. सम्बन्धित विषय से टेट (TET) परीक्षा में उत्तीर्ण।
2. सम्बन्धित विषय से अतिरिक्त किसी एक अतिरिक्त विषय कम्प्यूटर/ हिन्दी भाषा /कला / को पढ़ाने की योग्यता।
3. संस्कृत संभाषण एवं सरल मानक संस्कृत में दक्षता ।

**(III) योग अध्यापक के लिए आवश्यक योग्यता**

1. योग अथवा सांख्य योग अथवा योग विज्ञान विषय में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की हो ।
2. समस्त आसन, प्राणायाम आदि प्रयोग में अभ्यास व पूर्ण कुशल हो।
3. हिन्दी, संस्कृत एवं अंग्रेजी में पढ़ाने का सामर्थ्य होना चाहिए ।

**वांछनीय योग्यता**

1. संस्कृत भाषा/ वेद् का अध्ययन किया हो।
2. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से योग चिकित्सा में डिप्लोमा ।
3. QIC प्रमाण पत्र प्राप्त हो ।
4. संस्कृत संभाषण एवं सरल मानक संस्कृत में दक्षता ।

**(IV) खेल अनुदेशक के लिए आवश्यक योग्यता**

1. शारीरिक शिक्षा में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि प्राप्त हो।
2. किसी भी विद्यालय में 3 वर्ष का खेल-खूद् अध्यापक का अच्छा अनुभव।

**वांछनीय योग्यता**

1. योग / संस्कृत भाषा / वेद् का अध्ययन किया हो।
2. शारीरिक शिक्षा में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त हो।
3. संस्कृत संभाषण एवं सरल मानक संस्कृत में दक्षता ।

**गैर-शैक्षणिक सेवाएं * - (आवश्यकता के अनुसार)**

| क्र | सेवा का नाम | कुल रिक्त स्थान | आयु सीमा | प्रतिमाह अधिकतम मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्डन | 6 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष | 40,000/- |
| 2 | सहायक वार्डन | 12 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष | 30,000/- |
| 3 | एम टी एस | 30 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष | 20,000/- |
| 4 | पुस्तकालय सहायक | 1 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष | 30,000/- |
| | कुल | 49 | | |

4/9/2025

नोट :- उक्त मानदेय के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ता प्रदान नहीं किया जायेगा। शासन निर्दिष्ट टैक्स /टी.डी.एस. देय होगा। ***पद आधारित सेवा नहीं है। कभी भी पद सृजन एवं स्थायी नियुक्ति नहीं होगी।**

**( पुस्तकालय सहायक केवल राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय, उज्जैन के लिए )**

**(I) वार्डन के लिए आवश्यक योग्यता**

1. वेद/संस्कृत / योग विषय के साथ स्नातकोत्तर अथवा आचार्य उपाधि प्राप्त हो ।
2. बाल मनोविज्ञान / बाल मार्गदर्शन और परामर्श विषय में प्रमाण पत्र प्राप्त हो ।
3. किसी विद्यालय अथवा संस्था में वार्डन के रूप में 2 वर्ष का अनुभव हो ।

**(II) सहायक वार्डन के लिए आवश्यक योग्यता**

1. वेद/संस्कृत / योग विषय के साथ स्नातक अथवा शास्त्री उपाधि प्राप्त हो ।
2. बाल मनोविज्ञान / बाल मार्गदर्शन और परामर्श विषय में प्रमाण पत्र प्राप्त हो ।
3. किसी विद्यालय अथवा संस्था में सहायक वार्डन /कार्यालयीन सहायक के रूप में 1 वर्ष का अनुभव प्राप्त हो ।
4. कम्प्यूटर पर स्वतन्त्र रूप से वर्ड, एक्सेल, पावर पाइंट की कार्यक्षमता तथा छात्रावास में खाद्य सामग्री की खपत का हिसाब रखने की क्षमता एवं अनुभव होना चाहिए ।

**(III) एमटीएस के लिए आवश्यक योग्यता**

1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं संस्कृत भाषा /वेद के साथ उत्तीर्ण अथवा उत्तर मध्यमा उत्तीर्ण हो ।
   **आउट्-सोर्स से ही लिया जायेगा।**

**(IV) पुस्तकालय सहायक के लिए आवश्यक योग्यता**

1. किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.लिब / ग्रन्थालय विज्ञान में स्नातक /शास्त्री उत्तीर्ण हो।
2. संस्कृत विषय के साथ स्नातक अथवा शास्त्री उपाधि प्राप्त हो ।
3. किसी विद्यालय में पुस्तकालय सहायक के रूप में 2 वर्ष का अनुभव हो ।
   **आउट्-सोर्स / संविदा पर लिया जायेगा।**

4/5/2025

**कौशल विकास पाठ्यक्रम संचालन हेतु सहायक स्टाफ * - (आवश्यकता के अनुसार)**

**प्रतिष्ठान के अन्तर्गत NCVET से सम्बद्ध कौशल विकास पाठ्यक्रम के संचालन हेतु शैक्षणिक सहायक संख्या**

| क्र | विषय | शैक्षणिक सहायक संख्या (संविदा आधार पर ) | आयु सीमा | प्रतिमाह अधिकतम मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्मार्त प्रयोग + संस्कार | 01 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष | 30,000/- |
| 2 | ज्योतिष + वास्तु | 01 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष | 30,000/- |
| 3 | मंदिर प्रबंधन | 01 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष | 30,000/- |
| 4 | वेद + यज्ञविद्या | 01 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष | 30,000/- |
| 5 | अर्चकत्व + पौरोहित्य | 01 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष | 30,000/- |
| 6 | आयुर्वेद + वनौषधि (पारम्परिक उपचार) | 01 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष | 30,000/- |
| | कुल | 06 | | 30,000/- |

**नोट :- उक्त मानदेय के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ता प्रदान नहीं किया जायेगा। शासन निर्दिष्ट टैक्स /टी.डी.एस. देय होगा। *पद आधारित सेवा नहीं है। कभी भी पद सृजन एवं स्थायी नियुक्ति नहीं होगी।**

**(I) कौशल विकास पाठ्यक्रम संचालन सहायक स्टाफ के लिए आवश्यक योग्यता**

1. संबंधित कौशल विकास पाठ्यक्रम विषय में आचार्य / एम.ए. उत्तीर्ण ।

4/9/2025

## राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय की विभिन्न व्यवस्थाएँ एवं नियम व शर्तें –

1. राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय में अध्यापकों की नियुक्ति पूरी तरह से अस्थायी संविदा के आधार पर होगी, कभी भी स्थायी नियुक्ति नहीं होगी या पदों का सृजन नहीं होगा । अध्यापकों को प्रतिष्ठान के वेद अनुसन्धान, वेद अनुसन्धान आलेख रचना, वेदों का भारतीय भाषाओं में अनुवाद, वैदिक प्रशिक्षण, वेद मुद्रण प्रूफ शोधन, वेद सभा, सम्मेलन, संगोष्ठी सहित अन्य शैक्षिक कार्य भी प्राचार्य अथवा अध्यापक के कर्तव्य में अन्तर्गत है। वेद विद्यालय के अलावा छात्रावास की सभी व्यवस्था, छात्रों को अनुशासन में रखना, समय-सारणी का पालन करना अध्यापकों के दायित्व रहेंगे। प्रतिष्ठान के विवेकानुसार एवं आवश्यकता को देखते हुए, प्रतिष्ठान अन्तर्गत अन्यत्र राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय में स्थानान्तरण किया जा सकता है।

2. वेद विद्यालय वेद की मौखिक परम्परा के साथ साथ, ब्राह्मण, आरण्यक, वेदाङ्गों एवं अन्य आधुनिक विषयों का भी अध्ययन कराया जायेगा ।
3. प्रत्येक शाखा में पांच या पांच से अधिक छात्र होने की स्थिति में अध्यापन की व्यवस्था की जाएगी ।
4. वेद पढ़ाने में समर्थ होने की स्थिति में, किन्तु अनुभव तथा अन्य वेदाङ्ग अध्ययन आदि के विषय में प्रगत अध्ययन की आवश्यकता परिलक्षित होने पर चयन समिति अपने विवेकाधिकार से राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय में इंटर्नशिप के रूप में पाठशाला योजनान्तर्गत निर्धारित अलग-अलग मानदेय दर में से किसी भी स्तर के मानदेय दर पर रा.आ.वे.वि. में अध्यापन हेतु संयोजित कर सकती है ।
5. जिन्हें वेद शाखा संपूर्णत: कंठस्थ नहीं हैं, वेद विकृति पाठ में प्रावीण्य नहीं हैं, वे आवेदन न करें ।
6. वेद अध्यापकों के साक्षात्कार (इंटर्व्यू या संपरीक्षण) समय प्रत्येक अध्यापक अपने साथ रा. आ. वे.वि में प्रवेश हेतु इच्छुक आने वाले 10 छात्रों की सूची, तथा प्रपत्र में उन छात्रों का प्रवेश विवरण, माता-पिता से रा. आ. वे.वि. प्रवेश हेतु अनुमति पत्र लाना है। प्रत्येक वेद विषय में छात्र उपलब्ध होने पर ही अन्तिम नियोजन होगा एवं चयन होने पर यह शर्त प्रत्येक वर्ष लागू होगा।
7. अध्यापकों को परीक्षा संचालन सम्बन्धी कार्यों का निर्वहन करना होगा।
8. राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय वेद विद्यार्थियों के लिए आवासीय विद्यालय है।
9. विद्यालय का जीवन उच्च अनुशासित, पारम्परिक तथा वैदिक संस्कृति और वैदिक ज्ञान पर आधारित होगा।
10. विद्यालय के अध्यापक एवं छात्रों को पारम्परिक वेश भूषा में रहना होगा। सभी अध्यापक (वेद एवं अन्य विषय के) को वैदिक वेश भूषा में रहना अनिवार्य है। (पुरुष के लिए धोती-कच्छ धारण, महिला के लिए-साड़ी एवं ब्लाउज ही होगी)
11. अध्यापकों एवं छात्र का आचरण वैदिक परम्परा एवं शिष्टता अनुसार होगा, अन्यथा आचरण होने पर दण्डात्मक कार्यवाही होगी ।

5/3/2025

12. वेद विद्यालय के छात्रावास एवं विद्यालय में किसी भी प्रकार के आधुनिक गेजेट-मोबाईल आदि उपयोग नहीं होगा । छात्रावास में, विद्यालय में, कक्षा में या स्वयं के मोबाईल उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी।
13. अध्यापकों को कम्प्यूटर-साक्षरता एवं कार्य क्षमता अनिवार्य है। ICT की दक्षता होनी चाहिए ।
14. प्रत्येक अध्यापक को 100 रूपये के स्टांप पेपर पर सेवा शपथ पत्र देना होगा तथा सभी शर्तों को स्वीकारना होगा।
15. उपयुक्त पाये जाने पर, चयन समिति के विवेकाधिकार पर योग्यता, वयोमति एवं अनुभव में शिथिलता दी जा सकती है। चयन समिति का निर्णय सर्वमान्य होगा।
16. वेद विद्यालय के सभी तरह के व्यवस्था में सचिव, म.सां रा. वे.वि.प्र., उज्जैन के आदेश मान्य होंगे।
17. राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय, उज्जैन के लिए संविदा पर चयन होने की स्थिति में परिसर में आवास उपलब्ध कराने पर आवास में रहना अनिवार्य रहेगा । इस हेतु निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा ।
18. राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय समय के अतिरिक्त छात्रों को वेद स्वाध्याय कराना, भगवदगीता का पाठ कराना , छात्रों का प्रगति निरीक्षण, प्रात: सन्ध्या, अग्निकार्य, प्रात: वेद पारायण एवं अमावस्या वेद पारायण वेद अध्यापक के कार्य दायित्व के अन्तर्गत रहेगा तथा अध्यापक को अनिवार्यत: उपस्थित रहना होगा । आधुनिक विषय अध्यापक को आधुनिक विषय में विद्यालय समय के अतिरिक्त अक्षर लेखनाभ्यास, अंग्रेजी सम्भाषण, संस्कृत सम्भाषण, वैदिक गणित, विज्ञान प्रयोगशाला, सामान्य विज्ञान क्विज, योग, आदि हेतु छात्रों को तैयार कराना कार्य दायित्व के अन्तर्गत है । इस हेतु अतिरिक्त मानदेय का कोई प्रावधान नहीं हैं ।
19. **उपर्युक्त सेवाओं सम्बन्धी प्रक्रिया को स्वीकृत करना, अस्वीकृत करना या अंशतः निरस्त करना या पुनः आमंत्रित करने का अधिकार प्रतिष्ठान सचिव के अधीन रहेगा। इसमें किसी प्रकार का वाद/विवाद /पत्राचार आदि मान्य नहीं होगा । किसी भी प्रकार के कानूनी विवाद की स्थिति में न्याय अधिकार क्षेत्र मध्यप्रदेश माननीय उच्च न्यायालय, इन्दौर पीठ ही होगा ।**

**नोट : राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालयों में वर्तमान में संविदा पर कार्यरत अध्यापक तथा अन्य गैर शैक्षणिक स्टाफ भी इच्छुक होने पर आवेदन कर सकते हैं ।**

24/9/2025

सचिव

म.सा.रा.वे.वि.प्र., उज्जैन